53


# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail:nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 2767611


पत्रांक–3226 /FP/UK/ROAD/11294/2015 :देहरादून:दिनांकः 03 ~~मई~~ जून, 2019

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक (केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र),
25–सुभाष रोड, देहरादून।

**विषयः–जनपद–अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत पाथुली से गैराड़ मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.738 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।**
**(ऑनलाईन फाईल नं0 FP/UK/ROAD/11294/2015)**

**संदर्भः–भारत सरकार की पत्र संख्या–8बी/यू.सी.पी./06/147/2015/एफ0सी0/2198 दिनांक 15–06–2018**

महोदय,

कृपया भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून के उपर्युक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का सदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार द्वारा विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रकरण पर कतिपय शर्तों के तहत सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गई है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में अधिरोपित शर्तो का अनुपालन कर आख्या निम्नप्रकार प्रेषित की जा रही है :–

1. शर्त सख्या–1 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रत्यावर्तित भूमि के बदले प्रस्तावित 9.476 हे0 ग्राम–गैराड़ 4.551 हे0, ग्राम–थकुलाड़ी 1.936 हे0, एवं ग्राम–सिमोली 2.989 हे0 सिविल सोयम भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं उसके 10 वर्षो तक रख–रखाव हेतु रू0 26,40,630.00 (रू0 छब्बीस लाख चालीस हजार छः सौ तीस) तदर्थ कैम्पा कोष में जमा किया जा चुका है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु ग्राम–गैराड 4.551 हे0, ग्राम–थकुलाड़ी 1.936 हे0, एवं सिमोली 2.989 हे0, पटवारी क्षेत्र–ताड़ीखेत, तहसील–रानीखेत, जनपद–अल्मोड़ा में चिन्हित अर्थात कुल 9.476 हे0 सिविल सोयम भूमि को वन विभाग के पक्ष में म्यूटेशन करा दिया गया है, म्यूटेशन किये गये भूमि के अभिलेख की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। **(संलग्नक–1)**

2. शर्त संख्या–2 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा एन0पी0वी0 की देय धनराशि रू0 44,48,982.00 (रू0 चौवालीस लाख अड़तालीस हजार नौ सौ बयासी) तदर्थ कैम्पा कोष में जमा किया जा चुका है।

3. शर्त संख्या–3 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रेषित शुद्ध वर्तमान मूल्य की दर में अगर बढ़ोत्तरी होती है, तो बढ़ी हुई दर के अनुसार अतिरिक्त धनराशि प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा जमा की जायेयी। इस आशय की बचनबद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है। **(संलग्नक–2)**

4. शर्त संख्या–4 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उपलब्ध करायी गई क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं एन0पी0वी0 की धनराशि को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा दिये गये डिमाण्ड नोट के आधार पर (Online) ऑनलाईन जमा कर दिया गया है। **(संलग्नक–3)**

5. शर्त संख्या–5 के अनुपालन में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् जहाँ–जहाँ सम्भव हो, सड़क के दोनों किनारों तथा Central Verge पर प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा अपने व्यय पर वन विभाग की देख–रेख में strip plantation की जायेगी। इस आशय की बचनबद्धत्ता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है। **(संलग्नक–4)**

6. शर्त संख्या–6 के अनुपालन में परियोजना हेतु प्रस्तावित वन भूमि के उपयोग की अवधि ऑनलाईन पार्ट–I के पैरा A-1(X) पर अपलोड कर दी गयी है।

7. शर्त संख्या–7 के अनुपालन में प्रस्ताव भारत सरकार के पोर्टल में ऑनलाईन अपलोड करने हेतु अधिकृत अधिकारी का प्रमाण–पत्र ऑनलाईन अपलोड कर दिया गया है। इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित है।**(संलग्नक–5)**

अतः अनुरोध है कि विषयाँकित प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण पर वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत विधिवत स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

**(ए0के0 गुप्ता)**
**वन संरक्षक**

**संख्या :–3226 /FP/UK/ROAD/11294/2015 दिनांकित।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी, जनपद–अल्मोड़ा।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा।
3. अधिशासी अभियन्ता, पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।

**(ए0के0 गुप्ता)**
**वन संरक्षक**